>

Title: Need to take steps to check the degeneration of social values in the Society.

श्री जितेन्द्र सिंह मलिक (सोनीपत): आज समाज में हर तरफ भ्रष्टाचार, चोरी, लूट-मार के साथ-साथ औरतों व बच्चों पर अत्याचार की खबरें लगातार अखबार व टीवी चैनलों पर सुनने को मिल रही हैं। निश्चित तौर पर भारतीय समाज आज सांस्कृतिक रूप से संक्रमण काल से गुजर रहा है। लोग निश्चत तौर पर संयम और सादगी का जीवन त्याग कर पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण करते नजर आ रहे हैं। नैतिक मूल्यों का दिन-प्रतिदिन ह्रास हो रहा है। ऐसे हालात में सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ सरकार की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे सभी प्रयत्न किए जाएं जिससे समाज में संतुलन पैदा हो। इनमें मीडिया का रोल बहुत महत्वपूर्ण है। सरकार का ये दायित्व बनता है कि जिस तरह निजी टीवी चैनलों पर रियल्टी प्रोग्रामों में अश्लीलता दिखाई जाती है उसे रोके तथा कड़े कानून बनाकर हर तरफ फैले भ्रष्टाचार और लूटमार से सख्ती से निपटे।